Ans. (d) : मारवाड़ के राठौर वंश की मूल स्थापना ''राव सीहा'' ने की थी। राव सीहा मूलतः कन्नौज के निवासी थे तथा उन्होंने पाली में अपना राज्य स्थापित किया। राव सीहा की 1273 ई. में मृत्यु के बाद उसका पुत्र ''राव आसनाथ'' शासक बना। राव आसनाथ के उत्तराधिकारी क्रमशः राव दूहड़, रावरायपाल, राव कर्णपाल, राव भीम आदि थे।

125. राव जोधा ने किस वर्ष में जोधपुर नगर की स्थापना की?

(a) 1113 ई. (b) 1459 ई.
(c) 1539 ई. (d) 1526 ई.

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (b) : राव जोधा ने 1459 ई. में जोधपुर नगर की स्थापना कर इसको अपने साम्राज्य की राजधानी बनाया। जोधपुर नगर में इन्होंने चिड़ियाटूक नामक पहाड़ी पर मेहरानगढ़ नामक दुर्ग का निर्माण करवाया।

126. राठौड़ वंश की मेड़तिया शाखा के संस्थापक कौन थे?

(a) राव रत्नसिंह (b) राव दूदा
(c) राव चन्द्रसेन (d) भोजराज

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018
RPSC-2018

Ans. (b) : राठौड़ वंश के मेडतिया शाखा के संस्थापक राव दूदा जी को माना जाता है। राव दूदा जोधपुर के शासक रावजोधा के पुत्र थे। इन्होने मेड़ता नगर में अपनी शासन सत्ता स्थापित की इसलिए इनके वंशज मेड़तिया के राठौर कहलाए।

127. राव गंगा की मृत्यु के उपरान्त 5 जून, 1531 ईसवी में मारवाड़ का शासक कौन बना?

(a) वीरमदेव (b) सातलदेव
(c) जसवंत सिंह (d) मालदेव

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : राव गंगा की मृत्यु के उपरांत 1531 ई. को मारवाड़ का शासक उसका पुत्र मालदेव बना। मालदेव ने 1542 ई. में बीकानेर नरेश राव जैतसी को हराकर बीकानेर पर अधिकार कर लिया। राव मालदेव ने 1531 ई. से 1562 ई. तक शासन किया।

128. राव मालदेव ....का शासक था।

(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) अलवर (d) हाड़ौती

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

129. शेरशाह सूरी के आक्रमण के समय मारवाड़ का शासक कौन था?

(a) राव जोधा (b) राव चन्द्रसेन
(c) राव मालदेव (d) मोटा राजा उदयसिंह

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : शेरशाह सूरी के आक्रमण के समय मारवाड़ का शासक राव मालदेव था। शेरशाह ने 1543-44 ई. में मालदेव को हराकर अजमेर, जोधपुर व मेवाड़ पर अधिकार कर लिया। यद्यपि शेरशाह ने एक षड्यंत्र द्वारा मालदेव पर विजय प्राप्त की थी। राव मालदेव की वीरता से प्रभावित होकर शेरशाह को कहना पड़ा-'मैंने मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की बादशाहत को खो देता।'

130. राजस्थान में साहेबा का युद्ध जिस वर्ष लड़ा गया था, वह है-

(a) 1519 – 20 ई. (b) 1544 – 45 ई.
(c) 1436 – 37 ई. (d) 1541 – 42 ई.

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (d) : राव मालदेव 1531-62 ई. तक मारवाड़ का शासक था। उसने सीमा विवाद के बहाने 1541-42 ई. में साहेबा का युद्ध राव जैतसी के साथ की थी। राव जैतसी युद्ध में मारा गया। राव मालदेव ने इस स्थिति का फायदा उठाते हुए पूरे बीकानेर राज्य को अपने कब्जे में कर लिया।

131. किस शासक को 'हशमत वाला राजा' कहा जाता था?

(a) शेरशाह सूरी (b) राव मालदेव
(c) मानसिंह प्रथम (d) चन्द्रसेन

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (b) : राव मालदेव को 'हशमत वाला राजा' कहां जाता है। यह मारवाड़ के शासक थे। अबूल फजल तथा निजामुद्दीन ने इनकी प्रशंसा करते हुये इन्हें 'हशमत वाला राजा' कहा।

132. सुमेल युद्ध में शेरशाह सूरी का मुकाबला, राव मालदेव के किन दो सेनानायकों ने किया था?

(a) आल्हा व ऊदल (b) रणमल व रतिपाल
(c) गोरा व बादल (d) जैता कुप्पा

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021

Ans. (d) – सुमेल युद्ध में शेरशाह सूरी का मुकाबला, राव मालदेव राठौड़ की सेना के जैता व कुप्पा नामक दो सेना नायकों ने किया था। यह युद्ध 1544 ई0 में राजस्थान के पाली जिले के गिरि और सुमेल नामक गांवों के समीप लड़ा गया।

133. सुमेल का युद्ध कब लड़ा गया था?

(a) 1519 AD (b) 1540 AD
(c) 1544 AD (d) 1437 AD

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022
उद्योग प्रसार अधिकारी 22.07.2018

Ans. (c) : सुमेल का युद्ध 1544 ई. में लड़ा गया। यह युद्ध शेरशाह और मारवाड़ के शासक मालदेव के बीच लड़ा गया, जिसमें शेरशाह की जीत हुई।

134. मारवाड़ के राव मालदेव का उत्तराधिकारी कौन था?

(a) राम सिंह (b) चन्द्रसेन
(c) उदय सिंह (d) कल्याणमल

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (b) मारवाड़ के राव मालदेव का उत्तराधिकारी राव चंद्रसेन (1562-81) हुआ। इन्हें अपने भाइयों उदयसिंह और राम के विरोध का सामना करना पड़ा था। 1564 ई0 में अकबर के सेनापति हुसैन कुली खाँ ने जोधपुर पर अधिकार कर लिया। राव चंद्रसेन ने अकबर की अधीनता कभी स्वीकार नही की, इसीलिए उन्हे 'मारवाड़ का प्रताप' भी कहा जाता है। राव चन्द्रसेन आजीवन मुगलों से संघर्ष करते रहें।

135. निम्नलिखित में मारवाड़ के किस राठौड़ शासक ने मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की थी?

(a) राव गंगा (b) मालदेव
(c) जसवंत सिंह (d) राव चन्द्रसेन

RPSC-2011

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।